हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 तीन माह में ड्रिंक एंड ड्राइव पर 155 कार्रवाई



12 महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा





# पानी, बिजली, शौचालय, खाना पकाने का ईंधन, गाड़ी मोटर की होगी गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आज से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में जनगणना शुरु होगी। जनगणना 2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना के लिए प्रश्नों का एक सेट जारी कर दिया गया है। जनगणना कर्मी मकान की संख्या, फर्श, दीवार, छत के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की जानकारी एकत्रित करेंगे।

### जनगणना में ये सवाल पूछेंगे

जनगणना कर्मी 1 अप्रैल से घर- घर दस्तक देंगे। जिसमें घर में कुल कितने लोग रहते हैं ? घर के मुखिया का नाम, लिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या किसी श्रेणी से संबंधित हैं ? घर का मालिकाना हक किसके नाम पर है ? मकान में रहने के कमरे की संख्या, घर में विवाहित जोड़ों की संख्या पूछे जाएंगे।

### पेयजल को लेकर लाइट सोर्स की जानकारी

जनगणना अधिकारी पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत और उपलब्धता, प्रकाश के स्त्रोत, शौचालय की सुविधा और प्रकार, अपशिष्ट जल निकासी, स्नान और रसोई सुविधाओं की उपलब्धता, एलपीजी, एनपीजी कनेक्शन और खाना पकाने के मुख्य ईंधन सहित सुविधाओं और संपत्ति के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे। ⏩ शेष पेज 10 पर

## जनगणना : मकान सूचीकरण आवास गणना आज से

### लिव इन जोड़े वैवाहिक दंपति के समान माने जाएंगे

अगर सहजीवन/लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक दूसरे को अपना मानते हैं तो उसे जनगणना के दौरान वैवाहिक दंपति समान माना जाएगा। सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से शुरु होने वाली जनगणना हाउसिंग बिल्डिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण में 33 प्रश्न अधिसूचित किए गए हैं। दूसरा चरण फरवरी 2027 में शुरू होगा।



### मोबाइल से स्वयं भर सकते हैं जानकारी

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वगणना करने के लिए परिवार का मुखिया या कोई भी सदस्य आधिकारिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन कर सकता है। मानचित्र पर घर का स्थान चिन्हित कर सकता है। स्वयं जानकारी भरना चाहते हैं वे रजिस्ट्रेशन कर 16 अंकों की एक आईडी जनरेट करनी पड़ेगी। जिसे वेरिफिकेशन के लिए फिल्ड विजिट के दौरान जनगणनाकर्ता के साथ शेयर करना अनिवार्य होगा। इस विकल्प से समय की बचत होगी।

## खबर संक्षेप

### सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव कल

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों से चल रही है। हनुमंत समिति के प्रधान जसबीर सिंह गुरुदत्ता के मुताबिक जन्मोत्सव



कार्यक्रम की परम्परा करीब 33 वर्ष पहले स्वयं जसबीर सिंह, स्व. कृष्ण मोहन अग्रवाल, स्व. धनीराम विश्वकर्मा ने शुरू की थी। गुरुवार की सुबह 11 बजे विशेष पूजा-अर्चना पंडित आशुतोष शर्मा द्वारा सम्पन्न की जायेगी। मुख्य यजमान पूजा अग्रवाल एवं वैभव अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में बबलू सिन्हा, सरपंच देशांत सिन्हा, उपसरपंच प्रतिनिधि अरुण विश्वकर्मा, तुलसी साहू, धनेश्वर साहू, राधेरमण साहू सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### सेमरा सी में हनुमान जयंती पर विशेष कार्यक्रम 2 को

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सेमरा सिलौटी में 2 जनवरी को नवयुवक जय बजरंग दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा योग आयोग अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत होंगी। 10 बजे कथा पूजन के बाद मारुति मानस परिवार इर्रा, स्वर संगम मानस परिवार भेलवाकूदा, गायत्री मानस मंडली किकिरमेटा का कार्यक्रम होगा। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए माया के बंधना ग्राम बरही सांकरा का कार्यक्रम होगा।

### आमापारा में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

**धमतरी।** शहर के आमापारा में बनियातालाब पार में श्री मारूति नंदन हनुमान परिवार एवं एमजी ग्रुप द्वारा हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है। आयोजन समिति के गोपी यादव, आसु यादव ने बताया कि 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे हनुमान जी का चोला अभिषेक एवं पूजा कार्यक्रम होगा। भोग भंडारा एवं प्रसाद वितरण शाम 4 बजे से आरंभ होगा। दूसरे दिन 3 अप्रैल को जगराता कार्यक्रम होगा, जिसमें रायपुर के प्रख्यात कलाकार करण साहू की मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे। मां काली माता की झांकी की प्रस्तुति भी होगी। यह कार्यक्रम मयंक साहू एवं ग्रुप अंकारा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में गोविंद यादव, सोमेशदास मानिकपुरी, युवराज पटेल, पुनाराम देवांगन, प्रफुल्ल नाग, भूपेन्द्र नाग, उमेश नाग, पिन्टू सिन्हा, बबलू नेताम, भावेश सिन्हा, बिट्टू नाग आदि जुटे हुए हैं।

### 26 करोड़ 31 लाख 55 हजार 226 रुपए का राजस्व मिला

# अंतिम दिन जमकर हुई जमीन की रजिस्ट्री





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रजिस्ट्री कार्यालय में जमकर जमीन की खरीदी-बिक्री हुई। मार्च माह की स्थिति देखें तो वर्ष 2025 के मार्च माह की तुलना में इस साल रजिस्ट्री की संख्या कम है, लेकिन राजस्व में वृद्धि हुई है।

सरकारी खजाने में एक बड़ा हिस्सा रजिस्ट्री से आता है। इस साल भी जमीन की खरीदी बिक्री से सरकारी खजाने में अच्छी आवक हुई है। इस साल धमतरी पंजीयन कार्यालय राजस्व की स्थिति देखें तो 1 अप्रैल से 30 मार्च तक 5032 रजिस्ट्री हुई जिससे 26 करोड़ 31 लाख 55 हजार 226 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल से कम है।

मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2025 में 1 अप्रैल से 31 मार्च के बीच 6008 जमीनों की खरीदी बिक्री हुई जिससे शासन को राजस्व आय के रूप में 30 करोड़ 24 लाख 90 हजार 546 रूपये प्राप्त हुए थे। मार्च की स्थिति देखें तो 2025 में 838 रजिस्ट्री हुई थी, जिससे 3 करोड़ 31 लाख 15 हजार 60 रूपये राजस्व मिला था। इस साल 1 मार्च से 30 मार्च तक 532 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 3 करोड़ 72 लाख 38 हजार 747 रूपये राजस्व आय हुई।

### अंतिम दिन रही कारोबारियों की भीड़

मंगलवार को महावीर जयंती पर अवकाश होने के बावजूद शासन के आदेश पर रजिस्ट्री दफ्तर खुला था। देर शाम तक रजिस्ट्री होती रही। माह भर से रजिस्ट्री दफ्तर में भीड़ बढ़ी हुई थी। वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री निबटाने के लिए पहुंचे थे। इसके बाद पांच दिन तक रजिस्ट्री ऑफिस में अवकाश रहेगा।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत गले में मिले चोट के निशान

- करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हरदी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। उसके गले में मिले चोट के निशान को देख प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हरदी निवासी सोमबाई यादव उम्र 26 वर्ष पति चंद्रशेखर का 4 साल पहले विवाह हुआ था। शादी के बाद महिला ससुराल ग्राम हरदी में अपने संयुक्त परिवार में रह रही थी। विवाह के चार साल बाद भी सोमबाई की कोई संतान नहीं थी। परिजनों का कहना है कि बीती रात सोमबाई ने अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत की। इसी के साथ उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। कुछ देर में ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत को सामान्य स्वास्थ्य संबंधी घटना बताया जा रहा है, लेकिन महिला के गले में मिले चोट के निशान ने मामले को संदिग्ध बना दिया है। सूचना पर करेली बड़ी चौकी पुलिस ग्राम हरदी पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में महिला के गले में चोट के निशान पाए गए हैं। इसलिए मामला संदिग्ध लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। बहरहाल मामले की जांच की जा रही है।




# अंवरी में हुई युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम अंवरी में 30 मार्च की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव में चल रहे एक शादी कार्यक्रम के बाहर रवि बघेल और हेमंत चेलक (भोला) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया।

बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान हेमंत चेलक ने रवि बघेल को घसीटते हुए सड़क किनारे, उसके घर से करीब 50 मीटर पहले छोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद रवि के भाई उसे घर लेकर आए। सुबह लगभग 5 बजे जब उसकी मां ने उसकी हालत गंभीर देखी, तो तत्काल उसे कुरूद शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एफएसएल टीम के साथ एसडीओपी रागिनी मिश्रा, कुरूद थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू, एफएसआई अधिकारी अमित पटेल और चौकी प्रभारी बिरेझर अजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हेमंत चेलक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## फिर अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी

- गरज-चमक के साथ व्रजपात, हल्की बारिश की संभावना

**धमतरी।** प्रदेश के एक दो स्थानों में दो अप्रैल तक ओलावृष्टि, गरज-चमक के साथ वज्रपात, तूफान के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी उत्तरप्रदेश के उपर स्थित चक्रवती परिसंचरण से पूर्वी मध्यप्रदेश, मराठावाड़ा, विदर्भ और आंतरिक कर्नाटक से होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक एक द्रोणिका फैली हुई है। यह समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। चेतावनी दी गई है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। बताया गया है कि अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक है। अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस क्रमिक गिरावट आने के बाद तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।




### जिला प्रशासन ने की कार्रवाई, एक पंप में ज्यादा मिला फ्यूल

# डीजल जमा करने में जुटे किसान, ट्रांसपोर्टर

- डीजल संकट की अफवाह के बीच कई पंपों में लिमिट तय, जेरिकेन में फ्यूल देना बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गैस किल्लत के बाद अब जिले में डीजल संकट मंडराने लगा है। फिलहाल जिले में किल्लत की स्थिति नहीं है। इसके बाद भी कई पेट्रोल पंप में डीजल की लिमिट तय कर दी गई है वहीं कई जगहों पंपों में जेरिकेन में डीजल देना बंद कर कर दिया गया है। उधर जिला प्रशासन पेट्रोल पंपों में सप्लाई और वितरण पर नजर रखा हुआ है। ऐसे ही एक मामले में जिला प्रशासन की टीम ने शिव आटोमोबाइल के खिलाफ कार्रवाई की है।

एशियाई पश्चिमी देशों के बीच युद्ध के चलते दूसरे देशों से पेट्रोलियम की आपूर्ति प्रभावित है। संकट के चलते गैस की किल्लत भी शुरू हो गई है। इस बीच पेट्रोल डीजल की संकट की अफवाह भी फैलने लगी है। स्थिति को देखते हुए ट्रांसपोर्टर, किसान आदि जरूरत से ज्यादा डीजल स्टोर करने में लग गए हैं। पेट्रोल पंपों में ⏩ शेष पेज 10 पर



### सप्लाई बंद हुई तो परेशानी में पड़ जाएंगे

डीजल की किल्लत की अफवाहों के बीच किसान, ट्रांसपोर्टर सहित अन्य जरूरतमंद डीजल स्टोर करने में लगे हैं। किसान ओंकार सिन्हा, कैलाश साहू, जितेंद्र कश्यप ने बताया कि अभी उन्हारी की मिंजाई चल रही है। इसके बाद खेतों की जुताई होगी। इसके लिए डीजल की जरूरत है। बीच में यदि सप्लाई बंद होती है तो वे परेशानी में पड़ जाएंगे, इसलिए डीजल का स्टोर करके रखे हैं। ट्रांसपोर्टर भी डीजल जमा करके रख रहे हैं।

### डीजल 108.73 लीटर अधिक मिला

सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पीयूष तिवारी, तहसीलदार धमतरी एवं खाद्य निरीक्षक की टीम ने अर्जुनी चौक स्थित शिव ऑटोमोबाइल फ्यूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान भौतिक सत्यापन में फर्म में डीजल 108.73 लीटर एवं पेट्रोल 46.19 लीटर अधिक पाया गया। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने बूथ स्तर तक मजबूती पर दिया जोर

**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को हर ग्राम पंचायत तक मजबूत बनाना ही संगठन की प्राथमिकता है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना और हर पंचायत में सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति सुनिश्चित करना रहा।

### नवजात को बाथरूम में फेंका अज्ञात पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** पखांजूर थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। मर्ग क्रमांक 46/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्राप्त डायरी के आधार पर पुलिस द्वारा जांच की गई। प्रधान आरक्षक रविन्द्र ठाकुर द्वारा मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि किसी अज्ञात महिला द्वारा जन्म को छुपाने के उद्देश्य से नवजात को बाथरूम में फेंका गया। उक्त कृत्य को अपराध मानते हुए धारा 94 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है।

### नरहरपुर में अवैध महुआ शराब बिक्री एक महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए नरहरपुर क्षेत्र में महुआ शराब की अवैध बिक्री पर शिकंजा कसा है। 31 मार्च को थाना नरहरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक 02 में दबिश दी, जहां एक महिला अपने घर में अवैध रूप से देशी महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही थी।पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन में चल रही इस मुहिम के तहत निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान 05-05 लीटर की दो जरकीनों में कुल 08 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 800 रुपउए बताई गई है।

## निधन

### कुमारीबाई सिन्हा



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी कुमारी बाई सिन्हा का 30 मार्च सोमवार को निधन हो गया। वे घनश्याम सिन्हा की पत्नी, कुलेश्वर, हिरामन सिन्हा की मां व तारा सिन्हा, प्रमिला सिन्हा की सास थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### श्रीमती रजनी साहू



**धमतरी।** मटिया दोंदेकला निवासी श्रीमती रजनी साहू 85 वर्ष का निधन हो गया। वे रुपसिंह साहू प्रधानपाठक सालहेभाट की माताजी थीं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पानी, बिजली, शौचालय खाना पकाने का ईंधन...

इलेक्ट्रानिक सामानों की होगी गिनती : घर में रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, लैपटाप, कम्प्यूटर की जानकारी मांगी जाएगी। घर में कितने टेलीफोन, स्मार्टफोन, मोबाइल हैं? घर में साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप, वैन है या नहीं ? घर में मुख्य रुप से कौन सा अनाज खाया जाता है, इसकी जानकारी एकत्रित करेंगे।

### डीजल जमा करने में जुटे किसान, ट्रांसपोर्टर

भी काफी सोच समझकर सप्लाई की जा रही है। कई पेट्रोल पंपों में जेरिकेन में डीजल देना बंद कर दिया गया है। वहीं कुछ पेट्रोल पंपों में लिमिट तय कर दी गई है। इन पंपों में 2000 रुपए तक का ही डीजल दिया जा रहा है। एक दो पंप में पेट्रोल के लिए हेलमेट अनिवार्य

---

12 मीटर ऊंची टंकी आधी ही भरती है, पाइपलाइन लीकेज और आरओ प्लांट बंद होने से बढ़ी पानी की समस्या

# सांकरा में जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा





सांकरा (कोरमुड़पारा) में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई उच्च स्तरीय जलागार टंकी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। वर्ष 2021-22 में करीब 19.75 लाख रुपये की लागत से बनी 110 केएल क्षमता और 12 मीटर ऊंची यह टंकी आज भी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार टंकी में पानी भरने के लिए पंचायत के बोरवेल में लगे 5 एचपी पंप का उपयोग किया जा रहा है। पूरे दिन पानी चढ़ाने के बाद भी टंकी मुश्किल से आधी ही भर पाती है। शाम के समय जब पानी की सप्लाई शुरू की जाती है, तो वह मात्र 10 मिनट ही चल पाती है, जो गर्मी के इस मौसम में बिल्कुल अपर्याप्त है।

इस मामले में पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि टंकी का अभी तक आधिकारिक हैंडओवर नहीं हुआ है। वहीं पीएचई विभाग के एसडीओ का दावा है कि टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है और हैंडओवर भी कर दिया गया है। दोनों पक्षों के अलग-अलग बयानों से ग्रामीणों में भ्रम और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इसके अलावा, मल्टीविलेज समूह जल प्रदाय योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन भी समस्या का बड़ा कारण बनी हुई है। ठेकेदार द्वारा नई पाइपलाइन डालने के दौरान पुरानी पाइपलाइन को कई जगहों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे जगह-जगह लीकेज हो रहा है। परिणामस्वरूप पिछले दो महीनों से पानी की सप्लाई बाधित है और पानी आगे तक नहीं पहुंच पा रहा है।

नंदी चौक क्षेत्र के दुकानदार विशेष रूप से प्रभावित हैं, जहां पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। वहीं पंचायत द्वारा बनाए गए आरओ प्लांट भी बंद पड़े हैं। नंदी चौक का आरओ प्लांट अब तक नियमित रूप से चालू नहीं हो सका है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द टंकी को पूरी क्षमता से भरने, पाइपलाइन की मरम्मत करने और आरओ प्लांट चालू करने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बिरनपुर, बोधसेमरा में शेड निर्माण का भूमिपूजन



■ ग्रामीणों को मिलेगी सामुदायिक कार्यों के लिए बेहतर सुविधा : अरुण सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम पंचायत देवपुर के आश्रित ग्राम बिरनपुर एवं बोधसेमरा में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री सार्वा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टिन शेड का निर्माण गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के संचालन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है और जिला पंचायत लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है।

आगे बताया कि केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर एक ही विचारधारा की सरकार होने के कारण विकास कार्यों को तेजी से स्वीकृति और क्रियान्वयन मिल रहा है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र को मिल रहा है। मौके पर जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सरपंच आत्माराम नेताम, सचिव डीगम्बर साहू, मिथिलेश साहू, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, आरती ध्रुव, रवि भट्ट, हनी कश्यप, भानेन्द्र सुरेशा, कार्तिकराम साहू, सुभाष पटेल, प्रताप सुरेशा, ईश्वरी कोसरे, तिलक मरकाम, बंशी साहू, शंकर सेन समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पुलिस उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण लेकर घर लौटी देविका का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच गणेश्वर यादव की पुत्रवधू देविका परमेश्वर यादव पुलिस उप निरीक्षक के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण कर एक वर्ष बाद अपने गृह ग्राम सांकरा पहुंचीं। उनके आगमन पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांववासियों एवं परिजनों द्वारा फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। देविका की इस उपलब्धि से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार एवं गुरुओं को देते हुए युवाओं को कड़ी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुरूद में आज से श्रीमद् भागवत महापुराण

**कुरूद।** वार्ड क्रमांक सात स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास नर्मदेश्वर सेवा समिति वृंदावन सरोवर कुरूद के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 से 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। कथाव्यास पं. नागेश्वर प्रसाद दुबे के श्रीमुख से भक्तगण प्रतिदिन कथा का रसपान करेंगे। 1 अप्रैल को कलश यात्रा, स्थापना, गौकर्ण कथा, 2 को परिक्षित जन्म, शुकदेव द्वारा कथा प्रारंभ, 3 को सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, 4 को भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, 5 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, श्रीराम अवतार, श्री कृष्ण अवतार, 6 को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणि विवाह, 7 को भगवान का अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, 8 को यदुकुल को श्राप, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 9 को गीता पाठ, यज्ञ-हवन, पूर्णाहुति, कथा विश्राम का आयोजन होगा।

# सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

■ लड़ेर में साहू समाज पहंदा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन हुआ

■ संगठन और एकता से ही समाज मजबूत बनता है : वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





ग्राम पंचायत लड़ेर में साहू समाज पहंदा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में समाज की एकता, शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान को लेकर सार्थक चर्चा की गई तथा समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश साहू जिला साहू संघ अध्यक्ष एवं रोहित साहू तहसील साहू संघ अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की ताकत उसकी एकता और संगठन में निहित होती है। यदि समाज संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चित रूप से आने वाला समय समाज के लिए गौरवशाली होगा।

अति विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने कहा कि संगठन और एकता से ही समाज मजबूत बनता है। समाज के युवा यदि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना के साथ आगे आएंगे तो समाज का भविष्य और अधिक सशक्त होगा।

इस अवसर पर डॉ. लेखराज साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, राजेन्द्र साहू, होरीलाल साहू, विजय साहू, हरिशंकर साहू, छन्नू राम साहू, सुरेश साहू, रामचन्द्र साहू, इशू साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज को संगठित रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में श्रीमती नंदनी साहू, सरस्वती साहू, उमा निषाद सरपंच समेत आठ गांवों के साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

# धर्मांतरण पर रोक व नशामुक्ति को बढ़ावा देने पर जोर

■ ग्राम नवागांव में साहू समाज का परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बेलरगांव परिक्षेत्र के ग्राम नवागांव में परिक्षेत्रीय स्तर पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा निकालकर भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने अपने संबोधन में समाज की एकता बनाए रखने, नशामुक्ति को बढ़ावा देने तथा धर्मांतरण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवार में अच्छे संस्कारों के विकास की बात कही।

पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मनीराम राम की ताजपोशी की गई। पूरे आयोजन में सामाजिक एवं धार्मिक वातावरण बना रहा, जिसमें परंपरा और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। जिला संगठन सचिव सुभाषचंद्र साहू ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करने की बात कही। मौके पर जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कंवलराम साहू, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, महासचिव पदुम साहू, सहसचिव पेमन साहू, कोषाध्यक्ष गौतम चंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हेमलता साहू, जनपद सदस्य नंदनी साहू, सीताबाई साहू, कमला साहू, बेलरगांव परिक्षेत्र के लीलंबर साहू, खेमंत साहू, लोमश साहू, प्रकाश साहू, अहिल्या साहू, ईश्वरी साहू, महेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# छाती पाली यादव समाज के रमेश उपाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज के धमतरी राज भवन में छाती पाली द्वारा नये उपाध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया गया। कुछ माह पहले पूर्व उपाध्यक्ष स्व. रमेश यादव का स्वर्गवास हो जाने से रिक्त पद की पूर्ति हेतु छाती पाली द्वारा अंकालू यादव को नया उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। छाती पाली के अध्यक्ष कोमू राम यादव ने उनका अक्षत गुलाल के साथ स्वागत कर उन्हें पदभार सौंपा।

इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज छाती पाली के सचिव खोमेश यादव, सहसचिव नरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, संचालक भोलेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डोमेश्वर यादव, पाली पंचगण, परशु यादव, भागवत यादव, खेमराज यादव, नकुल यादव, अजय यादव, लाकेश्वर यादव, सहदेव यादव, हरिश्चंद्र यादव, गंगाराम यादव, कल्याण यादव, नेतराम यादव, महादेव यादव, समाज सेवक अरुण यादव उपस्थित थे।

## खर्रा में अखंड रामायण शुरू, आज निकलेगी शोभायात्रा



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक रखा गया है। 31 मार्च मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भगवान हनुमान का श्रृंगार, अखंड रामायण एवं चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। पूजन कार्यक्रम ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा ने कराया। 1 अप्रैल बुधवार की शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल को हवन पूजन के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए जस जागृति जस बईहा झांकी परिवार मौलीभठा (बेमेतरा) की प्रस्तुति होगी।

# 9.73 लाख से होगा डोंगरिया तालाब का गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत चिंवरी में मनरेगा के तहत डोंगरिया तालाब का गहरीकरण किया जायेगा। इसकी लागत 9.73 लाख रूपये है। भूमिपूजन सरपंच संजीत कुमार साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। मौके पर उपसरपंच भोलाराम पंचगण रामदेव, संजय, अशोक, मोतीराम गगनदीप, देवेंद्र, गोवर्धन संतोष वर्मा, हीरा साहू, प्रमिला साहू, सुशीला साहू, ममता साहू, मेनका ध्रुव, सीमा साहू, सचिव उपेंद्र साहू, रोजगार सहायक यादेश्वर साहू, ऑपरेटर रवि साहू, महेश साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## अग्रसेन समाज भवन में भाजपा गंगरेल मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

# प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की आधारशिला है : डॉ. बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 अंतर्गत गंगरेल मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 29-30 मार्च को अग्रसेन समाज भवन में आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में धमतरी जिला प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने प्रशिक्षण वर्ग की उपयोगिता पर कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती प्रशिक्षित एवं वैचारिक रूप से जागरूक कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है।

श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए और संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

रवि दुबे ने छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं विकास विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान विकास यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के इतिहास और उपलब्धियों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित कर सकें।

द्वितीय सत्र में ठाकुर शशि पवार ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए पार्टी की मूल विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय एवं सेवा भाव के सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल संगठन का हिस्सा नहीं, बल्कि विचारधारा के वाहक होते हैं और उन्हें अपने आचरण में इन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए।

तृतीय सत्र में अविनाश दुबे ने कार्यपद्धति (कार्यकर्ता संचालन) विषय पर बताया कि संगठन में कार्य करने की स्पष्ट प्रणाली, जिम्मेदारियों का विभाजन एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

चतुर्थ सत्र में तिलोकचंद जैन ने कार्यविस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर विचार रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनसंपर्क को निरंतर बढ़ाने की रणनीति साझा की।

पंचम सत्र में श्री शुभम नवीन यदु ने सोशल मीडिया, एआई एवं नमो ऐप विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से संगठन की गतिविधियों एवं सरकार की योजनाओं को व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रचारित किया जा सकता है। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया।

षष्ठम सत्र में चेतन हिंदूजा ने सुगम प्रबंधन एवं आगामी कार्यक्रम विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सफल आयोजन के लिए समय प्रबंधन, समन्वय एवं योजनाबद्ध कार्यशैली आवश्यक है।

सप्तम सत्र में राकेश साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं परंपरा पर उद्बोधन देते हुए कार्यकर्ताओं में अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जागृत की।

मौके पर राजेश शर्मा, महेन्द्र पंडित, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी श्यामा साहू, सह प्रभारी उमेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश गोलछा, ऋषभ देवांगन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव, मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, दिग्विजय सिंह कृदत्त, नरेश यादव, पवित्रा दीवान, सुलोचना देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, उर्वशी ध्रुव, टिकेश्वरी साहू, जागेश्वर नेताम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## पीपल के पत्ते पर उकेरी भगवान महावीर की आकृति

**नगरी।** महावीर जयंती पर ग्राम मोदे नगरी निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्तों पर भगवान महावीर की ध्यान मुद्रा में बैठी हुई सुंदर आकृति उकेरी है, जो देखने में अत्यंत आकर्षक और भावनात्मक संदेश देने वाली है। विकास शांडिल्य की यह पत्ती कला (लीफ आर्ट) न केवल उनकी रचनात्मकता को दर्शाती है, बल्कि धार्मिक आस्था और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को भी प्रदर्शित करती है। क्षेत्रवासियों ने भी इस अनोखी कला की सराहना करते हुए विकास शांडिल्य के प्रयास को प्रेरणादायक बताया है।

- यह कला धार्मिक आस्था और संस्कृति को दर्शाती है

## बिसौहा जिला कांग्रेस के सचिव नियुक्त

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पश्चात जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में ब्लाक कांग्रेस



कमेटी भखारा के बिसौहाराम साहू को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक ओंकार साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। भरत नहर, ब्लाक अध्यक्ष होमेंद्र साहू, गोविंद साहू, शारदा साहू, विनोद साहू, मंडल अध्यक्षगण गैंदलाल साहू, रामचंद्र साहू, चमन साहू, संतोषी निषाद, राजा बंजारे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महेंद्र साहू, रूपचंद साहू, युकां अध्यक्ष पुखराज साहू, लेखराम यादव, मनोज साहू, डोमार साहू, गोपीकिशन साहू ने हर्ष जताया है।

### भक्ति धुन पर झूमे श्रद्धालु, जियो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म का संदेश गूंजता रहा

# महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर धमतरी में जैन समाज ने भक्ति, उल्लास और अनुशासन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। हुक्म संघ के नवम पट्टधर आचार्य प्रवर श्री 1008 श्री रामलालजी म.सा. की आज्ञानुवर्तीनी शासनदीपिका श्री प्रियंका श्री जी म.सा. आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में यह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार से सिहावा चौक तक निकली भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्ति धुन पर झूमते श्रद्धालु, भगवान महावीर के जयकारे और जियो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म का संदेश पूरे शहर में गूंजता रहा। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

प्रातः प्रभातफेरी से शुरुआत हुई। श्री दिगंबर जैन मंदिर अठवानी गली में मूलनायक 1008 जी महावीर स्वामी का 108 रजत कलशों से महामस्ताभिषेक एवं महावीर घट कल्याणक पूजा संपन्न हुई। पालकी यात्रा, स्वामी वात्सल्य, महावीर प्रश्नोत्तरी जाप, फल वितरण, दीप महाआरती, झांकी प्रदर्शन और संगीतमय भक्ति कार्यक्रमों ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। घड़ी चौक में महावीर प्रसादी वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा व गौतम वाधवानी के नेतृत्व में शोभायात्रा का मठ मंदिर चौक पर स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिला महामंत्री अरविंद दोशी, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता, कीर्ति शाह, राकेश दीवान, विक्रांत पवार, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, आशुतोष खरे, देवेंद्र देवांगन, अविनाश वाल्मीकि, नवीन गजेंद्र, अभिषेक ठाकुर, रामनाथ यादव, यशवंत पटेल, मोहन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





**जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने किया शोभायात्रा का स्वागत**

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा का जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। महापौर रामू के साथ महेन्द्र खण्डेलवाल, महावीर चोपड़ा, मेघराज ठाकुर, विजय साहू, चन्द्रकला पटेल, पिंटू डागा, राकेश चंदवानी, संजय देवांगन, गोल्डी बरड़िया उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेन्द्र साहू ने शामिल होकर गुरुजनों का आशीर्वाद लिया, उनके साथ नम्रता पवार, नीरज नाहर भी मौजूद रहे।

# अस्पताल से निकलकर मरीज ने पेड़ पर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उपचार कराने अस्पताल में भर्ती मरीज ने रात्रि में निकलकर पीडी नाला के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना में एक वृद्ध ने शौचालय में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है।

- वृद्ध ने शौचालय में दी जान

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल वार्ड में भर्ती मरीजों को लेकर कितना गंभीर है इसका ताजा उदाहरण मंगलवार को सामने आया है। स्थानीय रिसाईपारा निवासी सोनू गुप्ता पिता रत्नेश उम्र 34 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। रविवार को युवक ने परिजनों को हाथ-पैर में झुनझुनाहट होने की बात बताई। उसके बाद युवक उपचार कराने जिला अस्पताल में भर्ती हो गया। युवक को अस्पताल में भर्ती





कराने उसके परिजन भी आये थे। युवक रविवार की रात्रि व सोमवार को दिनभर अस्पताल के वार्ड में भर्ती रहा। सोमवार की रात्रि युवक अकेला था। उसके परिजन नहीं थे। रात्रि में किसी समय युवक हाथ में पट्टी व केनुवला लगी हालत में अस्पताल से निकलकर बाहर आ गया। युवक के अस्पताल से बाहर चले जाने की किसी को जरा भी खबर नहीं हुई। युवक अस्पताल से निकलकर पीडी नाला के पास पहुंचा और खाली प्लाट में स्थित एक पेड़ में गमछे का फंदा बना फांसी लगा ली। मंगलवार की सुबह युवक को फंदे पर लटका देख घटना की जानकारी हुई। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर वरदान संस्था की एम्बुलेंस की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

दूसरी घटना में गणेश चौक के नामदेव गली निवासी दिलीप नामदेव पिता जगमोहन उम्र 65 वर्ष पेट दर्द से परेशान था जिसके चलते वृद्ध ने बांसपारा में स्थित शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### दोनों घटना में समानता

इन दोनों मामले में कुछ समानता सामने आ रही है। पहली घटना में मृतक उपचार कराने जिला अस्पताल में भर्ती था। जहां से रात्रि में निकलकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना में मृतक वृद्ध 15 दिन पहले शारीरिक बीमारी का इलाज कराने जिला अस्पताल में भर्ती था। बीमारी ठीक नहीं होने के कारण आत्महत्या कर लेने का अंदेशा जताया जा रहा है।

### अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

उल्लेखनीय है कि पखवाड़े भर पहले जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती एक युवती ने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली थी। वहीं अस्पताल के वार्ड में भर्ती युवक ने सोमवार की रात्रि बाहर निकलकर फांसी लगा ली। इस घटना ने जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़ा कर दिया है। जबकि रात्रि में वार्ड में नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय व अस्पताल सिक्युरिटी गार्ड ड्यूटी पर रहते हैं। इसके बावजूद भी किसी को भनक तक नहीं लगी।

## बस्तर में शांति की दस्तक : विजय

**धमतरी।** नगर निगम लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने केंद्र व



राज्य सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को साहसिक और सराहनीय कदम बताते हुए स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा की मॉनिटरिंग में बस्तर में शांति बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। श्री मोटवानी ने कहा कि वर्षों से अशांत बस्तर में अब अमन-चैन की उम्मीद जागी है, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल रही है। उन्होंने सुरक्षाबलों के साहस और राष्ट्रसेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों के खिलाफ यह निर्णायक कार्रवाई है। उन्होंने यह भी बताया कि धमतरी जिले के नगरी व डुबान क्षेत्र में भी नक्सली गतिविधियों में कमी आई है, जो सकारात्मक संकेत है।

# मासूम से दुर्व्यवहार का प्रयास, पुलिस ने नाबालिग आरोपी को संरक्षण में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

थाना क्षेत्र के एक गांव से मासूमियत को आहत करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक नाबालिग किशोर पर अपने ही पड़ोस में रहने वाली एक छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बीते सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। मासूम बच्ची अपने घर के समीप खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले एक नाबालिग किशोर की नीयत डोल गई। आरोपी ने बच्ची को अकेली पाकर उसे बहलाया-फुसलाया और सुरक्षित माहौल से दूर उसने उसके साथ अनैतिक कृत्य (दुष्कर्म) करने की कोशिश की।

### परिजनों की सजगता से टला हादसा

गनीमत रही कि जब बच्ची काफी देर तक दिखाई नहीं दी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। तलाशी के दौरान जैसे ही परिजनों की नजर एकांत जगह पर पड़ी, वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। परिजनों की सूझबूझ और मौके पर पहुंचने से एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित परिजन कुरुद थाना पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कुरुद पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया और घेराबंदी कर आरोपी किशोर को संरक्षण में ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दो नाबालिगों से जुड़ा है, इसलिए कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आरोपी को बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि घटना के पीछे की परिस्थितियां क्या थीं। इस घटना ने एक बार फिर समाज में बच्चों की सुरक्षा और उनके आसपास के वातावरण पर सतर्क रहने की जरूरत को रेखांकित किया है।

# रामनवमी पर आस्था और संवेदनशीलता की मिसाल



- बलियारा में निकली शोभायात्रा, वानर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

चैत्र रामनवमी पर ग्राम बलियारा में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और संवेदनशीलता का अनूठा संगम देखने को मिला। एक ओर जहां कंवर पैकरा समाज द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, वहीं दूसरी ओर एक मृत वानर का पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर मानवता का संदेश भी दिया गया। जानकारी के अनुसार, रामनवमी के दिन एक वानर का निधन हो गया था, जिसे ग्रामीण युवा विकास समिति बलियारा के युवाओं ने हनुमान स्वरूप मानते हुए नीम पेड़ के पास पूरे सम्मान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मिट्टी दी। इस अवसर पर सरपंच चुम्मन हीरा सिंह कंवर, युवा विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मार्कण्डेय, उपकोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह कंवर, संगठन मंत्री नीरज साहू, समूह प्रमुख ऐश कुमार साहू, कुलेश्वर निर्मलकर, ऐमन कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बलियारा में जनपद मद से पानी टैंकर का शुभारंभ भी किया गया। जनपद सदस्य सत्यप्रभा किशोर साहू ने शीतला मंदिर पहुंचकर फीता काटकर टैंकर को लोकार्पित किया।

# रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक लैंप लाइटिंग समारोह आयोजित किया गया, जो नर्सिंग प्रोफेशन के प्रति समर्पण एवं सेवा भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अरुण टोडर एवं वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नर्सिंग सेवा के महत्व एवं जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकगण व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# शिवपुर में हनुमान जयंती पर होगा मानसगान

**नगरी।** ग्राम शिवपुर (सिहावा) में हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन स्थल हनुमान मंदिर प्रांगण को आकर्षक विद्युत सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी एवं भव्य तोरण द्वारों से सजाया जा रहा है।

आयोजन समिति ने बताया कि 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से श्री हनुमंत मनोकामना ज्योति कलश स्थापना, वेदी पूजन एवं मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। मानस मंडलियां भगवान श्रीराम एवं हनुमान की महिमा का गुणगान करेंगी।

वेदी पूजन एवं मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जायेगी। प्रतिदिन संध्या 6 बजे से 7 बजे तक भव्य महाआरती होगी। मंच संचालन दुर्गेश पटेल (सिहावा) एवं थरूण निषाद (शिवपुर) द्वारा किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में गुलाब ठाकुर, प्रभुलाल निषाद, मनोज साहू, भागीराम पटेल, मुकेश पटेल, जनक पटेल, गोलू पटेल, सोनू पटेल, लखन पटेल, ऋतिक राजपूत, नंद निषाद, संदीप निषाद, उत्कर्ष राजपूत, राकेश, निखिल एवं अशोक निषाद सहित ग्रामवासी जुटे हैं।



# विधायक ने सेलद्वीप में सार्वजनिक शेड का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत सेलद्वीप के बाजार चौक में निर्मित सार्वजनिक शेड का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने किया। अध्यक्षता सरपंच भारत भूषण साहू ने की। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। बाजार चौक में बने इस शेड से व्यापारियों, ग्रामीणों और राहगीरों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे निर्माण कार्य गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य कंचन नारद साहू, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष टिकेश साहू, भाजपा नेता कृष्णकान्त साहू, त्रिलोकचंद जैन, उप सरपंच रोशन कुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दीपेश्वर दीवान, सचिव रामशरण साहू, दीनबन्धु चंद्राकर सहित पंचगण, पंचायत कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।






### जिले के चारों विकासखंड में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को प्रशिक्षण

# शेष 54 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले की 54 ग्राम पंचायतें अभी भी बाल विवाह मुक्त नहीं हुई हैं। इन गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए और बाल विवाह मुक्त हो चुके गांव को मेंटेन रखने के लिए अधिकारी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी के तहत सोमवार को बाल विवाह प्रतिषेध के जमीन स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

महिला बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त टीम द्वारा जिला धमतरी को बाल विवाह मुक्त किए जाने हेतु चार मास्टर ट्रेनरों द्वारा नगरी में आनंद पाठक, कुरूद में यशवंत बैस, मगरलोड में प्रमोद अमृत एवं धमतरी में नीलम साहू द्वारा जिले के चारों विकासखंड में एक साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में रखी गई थी, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं परियोजना अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह की रोकथाम कैसे करें एवं न्यायालय में प्रकरण कैसे प्रस्तुत करें। नगरी में आयोजित कार्यशाला में संबंधित जनपद पंचायत सीईओ द्वारा प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण कराया गया।



### 316 ग्राम पंचायत बाल विवाह मुक्त

धमतरी में कुल 370 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें से 316 ग्राम पंचायतों एवं एक नगर पंचायत नगरी को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। इन ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा चुका है। इन्हें बाल विवाह मुक्त होने का प्रमाणपत्र द्वारा दिया जाएगा।




